स्वर्ग के सुख (2 का भाग 2)

रेटिंग:

विवरण:

श्रेणी: लेख परलोक स्वर्ग

श्रेणी: लेख इस्लाम के फायदे अनन्त स्वर्ग का द्वार

द्वारा: M. Abdulsalam (© 2006 IslamReligion.com)

पर प्रकाशित: 04 Nov 2021

अंतिम बार संशोधित: 04 Nov 2021

परलोक के जीवन की अनंतता

इस संसार के सुख कुछ समय के लिए हैं जबकि परलोक के सुख हमेशा रहेंगे। इस जीवन में जब कोई व्यक्ति किसी चीज़ का आनंद लेता है, तो ये आनंद कुछ समय का ही होता है और या तो वो जल्दी ही इससे ऊब जाता हैं या उसे इसकी आवश्यकता नहीं होती, और किसी ऐसी चीज़ की तलाश करने लगता है जो उन्हें बेहतर लगता है। वहीं स्वर्ग के सुख की बात करें तो व्यक्ति कभी भी किसी चीज से ऊब नहीं सकता, बल्कि वो जितनी बार भी उस सुख का आनंद लेगा, उसका आनंद बढ़ता ही जायेगा।

इसके आलावा इस संसार का जीवन भी बहुत कम है। मनुष्य इस पृथ्वी पर थोड़े समय के लिए ही रहता है, और बहुत ही कम लोग है जो सत्तर वर्ष की आयु तक जीवित रहते हैं।

"...आप कह दें कि सांसारिक सुख बहुत थोड़े समय का है और परलोक उसके लिए बहुत अच्छा है जो ईश्वर से डरता है..." (क़ुरआन 4:77)

स्वर्ग का जीवन कभी समाप्त नहीं होगा। ईश्वर कहता है:

"...इसकी व्यवस्था हमेशा के लिए है और इसकी छाया भी..." (क़ुरआन 13:35)

"जो तुम्हारे पास है वह मिट जाएगा, और जो ईश्वर के पास है वह हमेशा रहेगा..." (क़ुरआन 16:96)

"(उनसे कहा जाएगा): यह हमारी व्यवस्था है, जो कभी खत्म नहीं होगी" (क़ुरआन 38:54)

बेहतर सुख

स्वर्ग के लोगों के सुख जैसे कि उनके कपड़े, भोजन, पानी, गहने और महल इस दुनिया की तुलना में कहीं बेहतर होंगे। वास्तव में स्वर्ग के किसी चीज़ की तुलना नहीं कर सकते क्योंकि स्वर्ग का छोटे से छोटा स्थान भी इस दुनिया और इसकी चीज़ों से बेहतर है। पैगंबर मुहम्मद (ईश्वर की दया और कृपा उन पर बनी रहे) कहते हैं:

"स्वर्ग में आप में से किसी एक के धनुष का स्थान उस सब से बेहतर है जिस पर सूरज की रौशनी पड़ती है" (मिश्कात अल-मसाबीह 3/85, नंबर 5615)

सभी दोष से मुक्त

स्वर्ग इस दुनिया के सभी दोषों से मुक्त है। इस जीवन में खाने-पीने के कारण मलत्याग की आवश्यकता होती है और इससे अप्रिय गंध आती है। अगर इस दुनिया में कोई व्यक्ति शराब पीता है तो उसके सोचने की क्षमता खत्म हो जाती है। इस संसार में औरतों को माहवारी होती है और बच्चो को जन्म देते है, इन सबसे दर्द और कष्ट होता है। स्वर्ग इन सभी असुविधाओं से मुक्त है: स्वर्ग में रहने वाले लोग पेशाब नहीं करेंगे, शौच नहीं करेंगे, थूकेंगे नहीं और सर्दी-जुकाम नहीं होगा। स्वर्ग के निर्माता के अनुसार वहां की शराब:

"पीने वालों के लिए क्रिस्टल-सफ़ेद, नशे से मुक्त होगी, और न ही वे इससे बहकेंगे" (कुरान 37:46-47)

स्वर्ग का पानी खारा नहीं होता और वहां के दूध का स्वाद कभी नहीं बदलता।

"...नदियां है जल की जिसका पानी ख़राब नहीं होता; दूध की नदियां हैं जिसका स्वाद कभी नहीं बदलता..." (क़ुरआन 47:15)

स्वर्ग की स्त्रियां पवित्र हैं और माहवारी, प्रसवोत्तर रक्तस्राव और इस दुनिया में महिलाओं को होने वाले हर कष्ट से मुक्त हैं, और सभी मलत्याग करने से मुक्त हैं। ईश्वर कहता है:

"...और वहां उनके लिए पवित्र साथी होंगे..." (क़ुरआन 2:25)

जब किसी व्यक्ति ने पैगंबर से पूछा कि स्वर्ग के लोग राहत कैसे करेंगे तो उन्होनें कहा:

"वे अपनी त्वचा से पसीना बहाकर अपने आप को राहत देंगे, और इसकी सुगंध कस्तूरी होगी, और सभी के पेट पतले हो जाएंगे।" (इब्न हिब्बान)

हमने जो उल्लेख किया है वह स्वर्ग की प्रकृति को समझने के लिए सिर्फ एक तुलना है, लेकिन जैसा कि ईश्वर ने कहा है, इसके सुख छुपे हुए है:

"कोई भी व्यक्ति नहीं जानता कि जो वे करते थे उसके इनाम के रूप में उनके लिए क्या सुख छुपाया गया है।" (क़ुरआन 32:17)

स्वर्ग: इसके जैसा कुछ भी नहीं

स्वर्ग के सुख कल्पना और व्याख्या से परे हैं। दुनिया के लोगों को इसके बारे में कुछ भी नही पता; चाहे हम कितने ही उन्नत क्यों न हो जाएं, हमारे पास जो कुछ भी होगा वह स्वर्ग के सुखों की तुलना में कुछ भी नहीं है। जैसा कि किई जगह उल्लेख किया गया है, स्वर्ग जैसा कुछ भी नहीं है:

"यह एक जगमगाती रोशनी, सुगंधित पौधे, एक ऊंचा महल, एक बहती नदी, पके फल, एक सुंदर पत्नी और कभी न खत्म होने वाले वस्त्र, कभी न खत्म होने वाला आनंद, सुंदर ऊंचा घर है।" (इब्न माजह, इब्न हिब्बान)

पैगंबर के साथियो ने उनसे स्वर्ग की इमारतों के बारे में पूछा और उन्होंने इसका एक अद्भुत विवरण दिया:

“सोने-चांदी की ईंटें, सुगन्धित कस्तूरी का गारा, मोती और नीलम के कंकड़, और केसर की जमीन। जो भी यहां जायेगा वह आनंद से भर जायेगा और कभी दुखी नहीं होगा; वह वहां सदा जीवित रहेगा और कभी नहीं मरेगा; उनके कपड़े कभी खराब नहीं होंगे और उनकी जवानी कभी खतम नहीं होगी।” (अहमद, अल-तिर्मिज़ी, अद-दारीमी)

ईश्वर कहता है:

"और जब आप वहां (स्वर्ग में) देखोगे तो आपको बड़ी खुशी (जिसकी कल्पना नहीं की जा सकती) और एक महान प्रभुत्व दिखाई देगा।" (क़ुरआन 76:20)

स्वर्ग के जिन सुखों को ईश्वर ने हमसे छिपा रखा है वो हमारी सोंच से परे है। पैगंबर ने कहा कि ईश्वर कहता है:

> "मैंने अपने दासो के लिए वह रखा है जो किसी आंख ने नहीं देखा, किसी कान ने नहीं सुना और कोई मनुष्य उसकी कल्पना नहीं कर सकता।" आप चाहें तो पढ़ सकते हैं:

"कोई भी व्यक्ति नहीं जानता कि जो वे करते थे उसके इनाम के रूप में उनके लिए क्या सुख छुपाया गया है।" (क़ुरआन 32:17)

एक अन्य रिपोर्ट में:

“उसकी चिंता मत करो जो ईश्वर ने बताया है; जो नहीं बताया है वो और भी बड़ा है।”
(सहीह मुस्लिम)

अन्य लेखों में हम स्वर्ग के कुछ विशिष्ट विवरणों और उसके सुख का उल्लेख करने का प्रयास करेंगे जो हमें ईश्वर और उनके अंतिम पैगंबर ने बताया है।

इस लेख का वेब पता:

https://www.islamreligion.com/hi/articles/10

कॉपीराइट © 2006-2020 सभी अधिकार सुरक्षित हैं। © 2006 - 2023 IslamReligion.com. सभी अधिकार सुरक्षित हैं।